# अवैध पिस्टल व मैगजीन, दो जिंदा कारतूस सहित दबोचा

- आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड है, कुछ समय पहले नयाशहर थाना पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में भी गिरफ्तार किया था
- हालांकि वह पेशे से एम. आर. यानी मेडिकल रिप्रजेंटेटिव बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह पिस्टल और कारतूस मुक्ताप्रसाद निवासी भूपेन्द्र से खरीदे थे

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक व्यक्ति को धर दबोचा।

आरोपी की पहचान हैड पोस्ट ऑफिस के पीछे कोटगेट थाना क्षेत्र निवासी 44 वर्षीय नीरज सक्सेना पुत्र देवकिशन के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल व मैगजीन मय दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कुछ समय पहले आरोपी को नयाशहर पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में भी गिरफ्तार किया था। आरोपी ने किसी को चाकू मारा था। हालांकि वह पेशे से एम. आर. यानी मेडिकल रिप्रजेंटेटिव बताया जा रहा है।

बीती रात करीब साढ़े बारह बजे सीओ पार्थ शर्मा व थानाधिकारी रमेश सर्वटा के निर्देशानुसार भीनासर चुंगी पर नाकाबंदी कर रही एएसआई ताराचंद मीणा मय टीम ने आरोपी को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी उदयरामसर की तरफ से पैदल आ रहा था। हालांकि वह उदयरामसर क्यों गया था, पैदल क्यों आ रहा था। इस बात का अभी पता नहीं चला है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह पिस्टल और कारतूस मुक्ताप्रसाद निवासी भूपेन्द्र से खरीदे थे। वह किस इरादे से पिस्टल लेकर उदयरामसर गया, उसका आगे क्या इरादा था, इस बारे में अभी तहकीकात चल रही है। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एएसआई ताराचंद, कांस्टेबल मुखराम, रघुवीर व गौरव शामिल थे। बताया जा रहा है कि पुलिस की पहले से ही आरोपी पर नज़र थी।

**घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार :** श्रीगंगानगर में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की बेटी के घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री के दामाद (व्यापारी) गुरचरण सिंह रमाना के घर में ये बदमाश फर्जी पुलिसकर्मी बनकर घुसे और घटना को अंजाम दिया था। लूट व मारपीट की यह घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी अंतरराज्यीय गैंग के सदस्य हैं। जो वारदातों को अंजाम देने के लिए पहले किराये पर गाडियां लेते। इसके बाद रैकी कर बड़ी पैसे वाली पार्टियां ढूंढते और फिर फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने यह वारदात करने से पहले भी स्कॉर्पियो गाड़ी किराये पर ली थी। गाड़ी की नम्बर प्लेट भी बदल दी थी ताकि वे पकड़ में नहीं आ सकें। गाड़ी में 6 लोग सवार थे। मारपीट और तोड़फोड़ के बाद सभी बदमाश स्कॉर्पियो से भाग निकले।यह पूरा घटनाक्रम घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि घटना 18 अक्टूबर को रात करीब 10:30 बजे 42 जीजी गांव में हुई थी। सूचना मिलने पर 5 थानों केसरीसिंहपुर, पदमपुर, चूनावढ़, हिंदुमलकोट, मटीलीराठान व जवाहर नगर की पुलिस मौके पर पहुंची थी। मैंने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

एसपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पंजाब में अजीमगढ़, अबोहर, मलोट, जगरावा तक करीब 300 किलोमीटर दूरी में लगे 200 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया। इसके बाद राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में दबिश दी। जिसके बाद पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सर्वजीत उर्फ छिन्दा निवासी अमृतसर (पंजाब), सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिंदा निवासी (नई दिल्ली) और बॉबी निवासी 42 जीजी, करणपुर (श्रीगंगानगर) के रूप में हुई है। पुलिस ने बॉबी के साथ-साथ चंडीगढ़ निवासी सोनू, दिल्ली निवासी संजीव और संजय को भी नामजद आरोपी बनाया है। एसपी ने बताया कि घटना में मुख्य आरोपी बलजिंदर सिंह निवासी जगरांव (पंजाब) है। जिस पर 40 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम ने बलजिंदर सिंह के बड़े भाई और उसके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नशेड़ी ने बाइक में आग लगाई

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर एक युवक ने बीच बाजार बाइक में आग लगा दी। आग लगते ही बाजार में हड़कम्प मच गया।

मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कपड़ा और साड़ी मार्केट के रामदेव कटला का है। लोगों ने बताया कि युवक नशे में था। आग की लपटों को देख आस-पास के लोगों ने पानी और कपड़ों से आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक नशे में धुत था और अचानक उसने अपनी मोटरसाइकिल पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। लपटें उठते ही लोग घबरा गए। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो कुछ लोगों ने पास रखे पानी और कपड़ों से आग बुझाने की कोशिश की।

कोतवाली थाना प्रभारी रामगोपाल ने बताया कि युवक आदतन नशेड़ी है। फिलहाल जली हुई मोटरसाइकिल को थाने लाया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी बदमाश की तलाश कर रही है। यह इलाका बीकानेर का प्रमुख कपड़ा व साड़ी मार्केट है। मौके पर भीड़ और दुकानों की भरमार के कारण आग फैलने पर बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन आसपास मौजूद लोगों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि शाम होते ही यह इलाका नशेडियों का अड्डा बन जाता है। कई बार पुलिस को शिकायत की गई।

# मंदिर में चोरी का खुलासा नहीं होने पर साधु-संतों का आग पर नाच

- ढाई साल पहले कतरियासर गांव के जसनाथ मंदिर से 40 किलो चांदी और 100 ग्राम सोने से बने छत्र की चोरी हुई थी

**बीकानेर,** (कासं)। ढाई साल पहले मंदिर में हुई चोरी का खुलासा नहीं होने साधु-संतों ने अनूठा विरोध जताया। दहकते अंगारों को मुंह में रखा और अंगारों पर चले व अग्नि नृत्य किया।

दरअसल डूंगरगढ़ थाना के कतरियासर गांव के जसनाथजी मंदिर में 17 अप्रैल 2023 को चोरी हो गई थी। चोर 40 किलो चांदी और 100 ग्राम सोने से बना छत्र भी ले गए थे। छत्र की कीमत करीब 60 लाख रूपये से अधिक बताई जा रही है। मामले में पुलिस न तो आरोपियों को गिरफ्तार कर पाई और न ही छत्र बरामद कर पाई। जब जसनाथ संप्रदाय के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसके विरोध का अनूठा तरीका ढूंढा। सोमवार को संप्रदाय के लोग कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचे और अग्नि नृत्य कर अपना विरोध दर्ज किया।

जसनाथ संप्रदाय के साधु-संतों का कहना है कि पुलिस ढाई साल बाद भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई, इसलिए विरोध कर रहे हैं। जसनाथ संप्रदाय के प्रतिनिधियों का कहना है कि चोरी की घटना के इतने लम्बे समय बाद भी पुलिस की निष्क्रियता श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रही है। इसलिए संत समाज ने विरोध जताने के लिए यह तरीका चुना है। अग्नि नृत्य भगवान और समाज के सामने न्याय की पुकार के रूप में किया जायेगा। संप्रदाय के साधु-संतों का कहना है कि मंदिर से चोरी हुए चांदी और सोने के आभूषण अभी तक बरामद नहीं हुए हैं।

जब प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो अब अग्नि नृत्य के माध्यम से वे भगवान और समाज के समक्ष न्याय की गुहार लगायेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह आयोजन प्रशासन के लिए एक संदेश होगा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

जसनाथ संप्रदाय की स्थापना संत श्री जसनाथजी ने 15 वीं सदी में की थी। यह संप्रदाय राजस्थान के बीकानेर, नागौर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में व्यापक रूप से फैला हुआ है। इसके अनुयायी सामाजिक सुधार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और लोक कल्याण के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। जसनाथजी को लोकदेवता के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने समाज को संयम, सत्य और सेवा का संदेश दिया।

अग्नि नृत्य जसनाथ संप्रदाय की सबसे प्रसिद्ध और अद्भुत साधना है। इसमें साधु-संत जलते अंगारों पर नंगे पांव नृत्य करते हैं। यह नृत्य भक्ति, तपस्या और आस्था का प्रतीक माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि अग्नि पर नृत्य करने से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है।

यह अनुष्ठान आमतौर पर विशेष अवसरों, संकट के समय या समाज में किसी बड़ी व्यथा को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

बताया जाता है कि राजस्थान में अग्नि नृत्य की शुरुआत करीब 500 सालपहले 'जसनाथी समुदाय' के जाट सिद्धों ने की थी। माना जाता है कि इसकी शुरुआत बीकानेर के 'कतरियासर' गांव से हुई थी। बीकानेर के पूर्व महाराजा गंगासिंह ने अपने देशी-विदेशी मेहमानों को इसे कई बार दिखाया। इसके अलावा दिल्ली में भी कई कार्यक्रम कर चुके हैं, जहां पंडित जवाहर लालनेहरु ने भी इसे देखा। नृत्य से एक-डेढ़ घंटे पहले लकड़ियां रखी जाती हैं। इसे धूणा कहते हैं। उसके चारों ओर पानी छिड़का जाता है। आग जलाई जाती है। इसके बाद युवक पहले तेजी के साथ इसके चक्कर लगाते हैं। फिर गुरु से आशीर्वाद और अनुमति लेते हैं।

## शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया

**बीकानेर,** (कासं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने मंगलवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। निदेशक जाट ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयरामसर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घडसीसर एवं राजस्थान टी.टी. कॉलेज घडसीसर का अवलोकन किया।

इस दौरान निदेशक ने विद्यालयों में रंग-रोगन का कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने, स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा मेगा पी.टी.एम. की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में पोषाहार एवं दूध के स्टॉक की जांच की।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.10.2025

कु. अक्षिता काठपाल पुत्र श्री अजय काठपाल निवासी चक 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 16.03.2023 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए संपूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | पट्टे का विवरण | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | पटटा सं. 566 दिनांक 7.7.1989 को श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री अन्तराम के नाम से एवं पटटा सं. 567 दिनांक 7.7.1989 को श्रीमती इन्दु शर्मा पत्नी श्री अरूण शर्मा के नाम से भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। | चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 22 में भूखंड माप 661.66 वर्गगज एवं 661.66 वर्गगज श्रीगंगानगर | माप 26.3 इंटू 75 फीट |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। Rajkaj Ref. No. 18477250 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4440 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल नागौरी पुत्र श्री दीपक नागौरी निवासी आई-17 आनंद विहार, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 किला नं. 8 में माप 44 इंटू 60 फीट में से 22.6 इंटू 60 फीट भू.सं. डी-5 नॉर्थ पार्ट, आनन्द विहार, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 2980 दिनांक 11.08.2004 को श्री अनिल कुमार पुत्र श्री बीरबल राम एवं श्रीमती भागवन्ती पत्नी श्री अनिल कुमार के नाम जारी किया हुआ है। | श्री राहुल नागौरी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.09.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री राहुल नागौरी पुत्र श्री दीपक नागौरी निवासी आई-17 आनंद विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/851 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


## देवउठनी से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

**बीकानेर,** (कासं)। एक नवम्बर को भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जायेगी। देवउठनी एकादशी पर एक ओर जहां शादियां का अबूझ मुहूर्त होगा। वहीं गृह प्रवेश सहित अन्य शुभ कार्य भी हो सकेंगे।

ज्योतिर्विद पंडित के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी 6 जुलाई से कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष से एकादशी रविवार 2 नवम्बर तक विष्णु भगवान क्षीर सागर में शयन कर रहे थे। ये कार्तिक एकादशी को जागेंगे। इसे ही देवउठनी, देव प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं और इसके बाद सभी तरह के शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं चार महीने के चातुर्मास का अंत होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु का ध्यान करने से पापों का नाश होता है। जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। इसी दिन तुलसी विवाह का आयोजन करने से घर में सौभाग्य और समृद्धि आती है। यह दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का विशेष दिन है। मन्नासा का कहना है कि एकादशी 1 नवम्बर को (गृहस्थ) मत वाले की एकादशी व्रत करेंगे।

# 43 साल बाद निगम सीमा बढ़ी, वार्डों का परिसीमन

**बीकानेर,** (कासं)। 43 साल के बाद नगर निगम का सीमा का विस्तार हुआ। परिसीमन में वार्ड भले ही 80 ही रहें मगर 2019 की तुलना में 781 जनसंख्या बढ़ गई। ये जनसंख्या करमीसर और शरेह कजाणी की है।

जो नगर निगम सीमा में शामिल हुआ इलाका है। जारी हुई परिसीमन की अधिसूचना, जिसमें 80 वार्डों में 41 से वार्डों की सीमाएं बदल गई। इसमें पूर्व विधानसभा के 16 और पश्चिम विधानसभा के 25 वार्ड शामिल हैं। बीकानेर नगर सीमा का परिसीमन 1981 में हुआ था। 43 सालबाद इस बार आंशिक विस्तार हुआ है। जबकि तब से अब तक करीब शहर में सवा सौ छोटी-बड़ी कॉलोनियां बस गई। 41 वार्डों की सीमा बदल गई। पूर्व विधानसभा में 41 वार्ड है।

इसमें से 16 वार्डों की सीमाएं बदली जबकि 25 वार्डों की सीमाएं हूबहू रही। पश्चिम विधानसभा में 39 वार्ड हैं और यहां 25 वार्डों की सीमाएं बदल गई सिर्फ 14 वार्ड ही पुराने ढांचे में हैं।

यानी पूरे शहर में 39 वार्ड ऐसे हैं जिनकी सीमाओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। परिसीमन में फोकस अल्पसंख्यक इलाकों के 19 वार्डों पर रहा। जानकारों के मुताबिक अल्पसंख्यकों को या तो एक ही वार्ड में ज्यादातर आबादी जोड़ दी गई या दूसरे वार्ड में इतनी कम संख्या में रखा जिससे उनकी जीत मुश्किल हो जाए।

आंकलन के तहत अब तक 80 में से 19 वार्डों में अल्पसंख्यकों का दबदबा था मगर अब 9 वार्ड के आसपास ही दबदबे वाले वार्ड बचे हैं।

परिसीमन के दौरान भाजपा-कांग्रेस दोनों पार्टियां अलर्ट थी लेकिन पूर्व में ज्यादातर नेता अपने-अपने वार्ड का ही हिसाब रखने में जुटे रहे और वे अपने मकसद में कामयाब भी हो गए हैं।

# करणी मां को 13,500 किलो हलवे का भोग

- महाप्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की जायेगी

**देशनोक,** (निसं)। देशनोक स्थित श्रीकरणी माता मंदिर में बुधवार को सावन-भादवा महाप्रसादी के अवसर पर 13,500 किलोग्राम हलवे का भोग लगाया जायेगा। यह महाप्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की जायेगी।

श्री करणी माता मंदिर निजी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गिरिराज सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे विशेष पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसादी का भोग अर्पित किया जायेगा। इसके बाद प्रसाद वितरण शुरू होगा।

इस हलवे को बनाने के लिए 2150 किलोग्राम आटा, 3763 किलोग्राम चीनी, 1695 किलोग्राम घी, 8600 लीटर पानी और 101 किलोग्राम सूखे मेवे का उपयोग किया गया है।

प्रसाद की तैयारियां सोमवार से ही शुरू हो चुकी है। महाप्रसादी के लिए मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण आकर्षक लग रहा है। इस वर्ष महाप्रसादी का आयोजन ओमप्रकाश बाहेती द्वारा करवाया जा रहा है।

## अनूपगढ़ जिला बहाली की मांग, बार संघ का धरना

**अनूपगढ़,** (कासं)। सरकार द्वारा अनूपगढ़ जिले को निरस्त करने के निर्णय के खिलाफ अनूपगढ़ बार संघ ने मंगलवार को एक दिवसीय कार्य स्थगन रखा। संघ ने न्यायालय परिसर के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन किया।

बार संघ ने राज्य सरकार से अनूपगढ़ जिले को बहाल करने की मांग की। धरने का नेतृत्व बार संघ अध्यक्ष रमेश सारस्वत ने किया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 28 दिसम्बर 2023 को अनूपगढ़ जिले को समाप्त कर दिया था। इस निर्णय के विरोध में बार संघ ने घोषणा की थी कि प्रत्येक माह की 28 तारीख को काला दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके तहत कार्य स्थगन के साथ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। तभी से बार संघ का यह संघर्ष जारी है। बार संघ अध्यक्ष रमेश सारस्वत ने कहा कि अनूपगढ़ क्षेत्र जिले बनने के सभी मापदंड पूरे करता है। सारस्वत ने आरोप लगाया कि वर्तमान राजस्थान सरकार ने अनूपगढ़ जिले को निरस्त कर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है, जिससे क्षेत्र का विकास रुक गया है। अन्य अधिवक्ताओं ने जानकारी दी कि अनूपगढ़ जिला क्षेत्र के अन्य बार संघों और विभिन्न संगठनों ने भी समय-समय पर अनूपगढ़ जिले की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे हैं।

## मुमुक्षु पुलकित सुखाणी की दीक्षा 3 नवम्बर को

**बीकानेर,** (कासं)। साधुमार्गी जैन संघ के आचार्य प्रवर रामलाल एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि के सानिध्य में 3 नवम्बर को देशनोक में आचार्यश्री के चातुर्मास व जन्म भूमि पर दिल्ली, सिलचर प्रवासी बीकानेर निवासी 17 वर्षीय पुलकित सुखानी 15 मुमुक्षुओं के साथ भगवती दीक्षा ग्रहण करेंगे।

साधुमार्गी जैन सेवा समिति, समता महिला मंडल, समता युवा संघ, समता बहु मंडल, समता बालिका मंडल, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में छबीली घाटी के सेवा सदन में अभिनंदन किया। पुलकित के साथ उनके पिता नवीन व सीमा सुखानी, दादा मांगीलाल व दादी चन्द्रकला, चाचा मनीष, ताऊ दिनेश सुखानी तथा नानी मोहिनी हीरावत व दोस्त सजल बोथरा व परिजनों का अभिनंदन किया।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025**

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

**औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट छठा चरण**

**ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 30.10.2025 (प्रात: 10:00 बजे) से 13.11.2025 (सायं 6 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का आवंटन आरक्षित मूल्य पर | ई-लॉटरी | 18 नवंबर, 2025

100 औद्योगिक क्षेत्र | 5,971 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 5,933 अनारक्षित भूखण्ड | 38 लॉजिस्टिक भूखण्ड

**विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड**

221 अनुसूचित जाति/जनजाति | 220 महिला वर्ग | 115 भूतपूर्व सैनिक | 144 बेंचमार्क दिव्यांगता | 66 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

**आवंटन की प्रक्रिया**

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

**EMD** - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

**पात्रता** - निवेशक जिन्होंने **14/10/2025** तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

आवेदन हेतु स्कैन करें

**भूखण्ड की राशि का भुगतान**

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

या

RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों के आवंटन से संबंधित पॉलिसी riico.rajasthan.gov.in पर देखें।

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए **https://riico.rajasthan.gov.in** पर दिए गए **Direct Land Allotment** लिंक पर क्लिक करें अथवा **SSO Portal पर login के बाद RIICO** के आइकन पर क्लिक करके **Land Allotment** पर जाएं और **Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders)** पर क्लिक करें।

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए


**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005**

हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in

riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/25/12805



आप सभी सादर आमंत्रित हैं

राजस्थान भारत का अतुल्य राज्य !

**पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, अजमेर**

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: पर्यटक स्वागत केन्द्र, आरटीडीसी होटल अजयमेरु परिसर सिविल लाइंस, अजमेर, फोन: 0145-2627426

trc.ajmer@rajasthan.gov.in www.tourism.rajasthan.gov.in

rajasthantourism my_rajasthan rajasthan_tourism Rajasthan Tourism Channel

अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में बदलाव संभव है

राजस्थान संवाद